Daily Current Affairs 23 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 22 जुलाई को मनाया गया 'विश्व मस्तिष्क दिवस'
• प्रतिवर्ष 22 जुलाई को 'विश्व मस्तिष्क दिवस' का आयोजन किया जाता है। विश्व मस्तिष्क दिवस 2022 की थीम 'सभी के लिये मस्तिष्क स्वास्थ्य' (Brain Health for all) है।गौरतलब है कि यह दिवस 22 जुलाई, 1957 को 'वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजी' की स्थापना के उपलक्ष में मनाया जाता है।
• 22 सितंबर, 2013 को 'वर्ल्ड कान्ग्रेस ऑफ न्यूरोलॉजी' की 'पब्लिक अवेयरनेस एंड एडवोकेसी कमेटी' ने प्रतिवर्ष 22 जुलाई को 'विश्व मस्तिष्क दिवस' अथवा 'वर्ल्ड ब्रेन डे' के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव रखा था, जिसके पश्चात् 22 जुलाई, 2014 को पहली बार इस दिवस का आयोजन किया गया था।

2. दिनेश गुणवर्धने बने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री
• 22 जुलाई, 2022 को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने वरिष्ठ नेता दिनेश गुणवर्धने को श्रीलंका का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। रानिल विक्रमसिंघे ने राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के एक दिन बाद अपने कार्यकाल के पहले दिन यह पहली नियुक्ति की।
• गुणवर्धने को अप्रैल में पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के कार्यकाल के दौरान गृह मंत्री बनाया गया था। वह विदेश मंत्री और शिक्षा मंत्री के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री पद खाली हो गया था। छह बार प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे ने देश के आठवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण की थी।

3. UAE करेगा एशिया कप 2022 की मेजबानी
• क्रिकेट का टी-20 एशिया कप 2022 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में होगा। अपेक्स काउंसिल मीटिंग के बाद बीसीसीआई (BCCI) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि एशिया कप 2022 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में होगा। गौरतलब है कि एशिया कप 2022 का आयोजन श्रीलंका में प्रस्तावित था, लेकिन इस द्वीपीय देश में राजनीतिक अस्थिरता चरम पर है।
• देश के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे मालीदव में शरण ले चुके हैं। ऐसे हालात में एशिया कप का आयोजन आसान नहीं था। इस वजह से बाकी विकल्पों पर विचार किया जा रहा था, लेकिन अब संयुक्त अरब अमीरात के नाम पर सहमति बन गई है। एशिया कप 2022 (टी-20) का आयोजन 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच होना है।

4. 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की हुई घोषणा
• 22 जुलाई, 2022 को 68वें राष्ट्रीय 1फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा नई दिल्ली में की गई है। इस साल फीचर फिल्म श्रेणी में 305 फिल्मों को नामांकन मिला है। ये पुरस्कार साल 2020 के लिए दिए गए हैं। इस साल फीचर फिल्म जूरी का नेतृत्व फिल्म निर्माता विपुल शाह ने किया है।
• राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार इस साल के अंत में एक समारोह में दिए जाएंगे। तमिल फिल्म सूरराई पोटरू को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला है। सूरराई पोट्रू के एक्टर सूर्या और अजय देवगन को फिल्म तान्हाजी द अनसंग वॉरियर के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड संयुक्त रूप से मिला है।

Daily Current Affairs 23 July 2022

5. SBI ने शुरू की 'व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा'
• हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने 'व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा' शुरू की है। इससे SBI ग्राहकों को व्हाट्सएप पर बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने में सहायता मिलेगी और ग्राहकों के लिये बैंकिंग आसान हो जाएगी क्योंकि इससे SBI एप डाउनलोड करने की ज़रूरत नहीं रह जाएगी।
• ग्राहक खाते की शेष राशि की जांच और व्हाट्सएप पर मिनी स्टेटमेंट प्राप्त कर सकेंगे। यह बैंक और ग्राहकों के बीच आसान डेटा ट्रांसफर की सुविधा प्रदान करेगा। SBI कॉर्पोरेट ग्राहकों एवं एग्रीगेटर्स हेतु एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) बैंकिंग भी शुरू करेगा। इस प्रणाली के तहत API का उपयोग बैंक और क्लाइंट सर्वर के बीच संवाद करने के लिये किया जाता है।

6. प्रथम खेलो इंडिया फेंसिंग विमेंस लीग नई दिल्ली में होगी आयोजित
• प्रथम खेलो इंडिया फेंसिंग विमेंस लीग 25 जुलाई, 2022 को नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में शुरू होने वाली है। महिलाओं के लिए अपनी तरह की पहली राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता तीन चरणों में 29 जुलाई तक आयोजित होगी। टोक्यो ओलंपियन और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) की एथलीट भवानी देवी तलवारबाजी के आयोजन में सीनियर वर्ग की लीग में प्रतिभागी होंगी।
• वह तमिलनाडु राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। खेलो इंडिया विमेंस फेंसिंग लीग महिलाओं के लिए एक खुला राष्ट्रीय स्तर का रैंकिंग टूर्नामेंट है और फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) पोर्टल के साथ पंजीकृत और उनके संबंधित राज्य संघों द्वारा नामित फेंसर की भी भागीदारी हो रही है।

7. जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह भारत का शत-प्रतिशत लैंडलॉर्ड मॉडल वाला पहला बंदरगाह बना
• हाल ही में जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह भारत का शत-प्रतिशत लैंडलॉर्ड मॉडल वाला पहला प्रमुख बंदरगाह बन गया है, जिसमें सभी बर्थ सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर संचालित हो रहे थे। इस मॉडल में सार्वजनिक रूप से शासित बंदरगाह प्राधिकरण एक नियामक निकाय और एक लैंडलॉर्ड के रूप में कार्य करता है, जबकि निजी कंपनियाँ बंदरगाह का संचालन करती हैं जिसमें मुख्य रूप से कार्गो-हैंडलिंग गतिविधियाँ शामिल हैं।

8. मिस्र के सैफ अहमद को होंगे अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष
• हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने भारतीय प्रशासक नरिंदर बत्रा के इस्तीफे के बाद मिस्र के सैफ अहमद को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया। बत्रा ने एफआईएच अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और साथ ही भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष का पद भी छोड़ दिया। उन्होंने भारतीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्यता भी छोड़ दी जो आईओए के उनके पद से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी थी।
• कार्यकारी बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर बत्रा के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है और सर्वसम्मति से अहमद को दो दिवसीय वर्चुअल कांग्रेस के दौरान 5 नवंबर को नए चुनाव होने तक अपना अंतरिम प्रमुख नियुक्त किया है। अहमद 1968 में मिस्र की राष्ट्रीय टीम के लिए खेले और एक अंपायर और तकनीकी अधिकारी के रूप में खेल के साथ उनका लंबा जुड़ाव रहा है।

9. आज से शुरू होगा 10वाँ स्वर सम्राट फ़ेस्टिवल
• इस सप्ताह 'स्वर सम्राट फ़ेस्टिवल' (Swara Samrat Festival-SSF) का आयोजन किया जा रहा है। इस साल इस फ़ेस्टिवल का यह 10वाँ संस्करण है। यह कार्यक्रम 23 जुलाई को दिल्ली से शुरू होगा और

बाद में कोलकाता, बेंगलुरु और मुंबई की यात्रा करेगा। यह फ़ेस्टिवल प्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद अली अकबर ख़ान के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इसमें हर साल विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाता है।

10. 22 जुलाई को देशभर में मनाया गया राष्ट्रीय ध्वज दिवस

• भारत हर साल 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाता है। इसी दिन 1947 में तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था। भारत के राष्ट्रीय ध्वज को अपनाने के लिए 22 जुलाई, 1947 को दिल्ली के संविधान हॉल में भारतीय संविधान सभा के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई थी।

• पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में तिरंगे को अपनाने का प्रस्ताव रखा गया था। भारत का राष्ट्रीय ध्वज भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को अपनाने और 1947 में ब्रिटिश राज से भारत की आजादी की याद दिलाता है।